हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 31 जनवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

3 नगर में हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस



## खबर संक्षेप

### जिला रोजगार कार्यालय में प्लेसमेंट कैंप 5 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से गुरुवार 5 फरवरी को प्रातः 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाईवलीहुड कॉलेज परिसर जॉजगीर में एक दिवसीय प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में निजी क्षेत्र के नियोजक परिश्रम रिसोर्सेज प्रा.लि. गुड़गांव उपस्थित रहेगें। परिश्रम रिसोर्सेज गुड़गांव द्वारा स्मार्ट मीटर इंस्टॉलेशन के 40 पद व सुपरवाईजर के 40 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। उक्त पदों हेतु शैक्षणिक योग्यता मीटर इंस्टॉलेशन हेत आई.टी.आई. व सुपरवाईजर के लिये 12 वी पास निर्धारित किया गया है। आयु सीमा 21 से 40 वर्ष उक्त पद के लिये केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होगें। निर्धारित तिथि को उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैंप का लाभ ले सकते है। अधिक जानकारी के लिये जिला रोजगार कार्यालय जॉजगीर चांपा से संपर्क किया जा सकता है।

### कक्षा 9वीं व11वीं में प्रवेश के लिए लेटरल एंट्री परीक्षा प्रवेश पत्र जारी

**जांजगीर-चांपा।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा 9वीं एवं 11वीं में रिक्त सीट में प्रवेश हेतु 7 फरवरी को आयोजित होने वाली लेटरल एंट्री परीक्षा-2026 के प्रवेश पत्र जारी किया गया है। प्राचार्य पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा ने बताया कि कक्षा-9वीं हेतु वेबसाईट पर प्रवेश पत्र डाऊनलोड कर सकते है।

### सपोर्ट पर्सन : रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा जारी मॉडल गाइडलाइन के क्रियान्वयन हेतु जिले में सपोर्ट पर्सन का इम्पैनलमेंट हेतु रूचि की अभिव्यक्ति का प्रस्ताव आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि इस हेतु निर्धारित अर्हताओं व अनर्हताओं के प्रकाश में इच्छुक, अनुभवी एवं योग्य व्यक्तियों से 11 फरवरी तक रूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव व आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय महिला एवं बाल विकास को प्रेषित करना होगा। रूचि की अभिव्यक्ति के प्रस्ताव व आवेदन का प्रारूप या अन्य कोई जानकारी के लिये कार्यालय में उपस्थित होकर या जांजगीर-चांपा जिले की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

### सर्व समाज के लिए 11वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर कल

**अकलतरा।** भवानी जन सेवा समिति, अकलतरा के तत्वावधान में सर्व समाज के लिए 11वां निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन रविवार 1 फरवरी को किया जा रहा है। यह शिविर डॉ. हरिकृष्ण मुकीम हॉस्पिटल, श्री पंचदेव मंदिर परिसर में आयोजित होगा। नेत्र चिकित्सा शिविर का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। शिविर में नेत्र परीक्षण, परामर्श एवं आवश्यकतानुसार आगे के उपचार की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। समिति द्वारा शिविर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की गई है।

### गद्दी महोत्सव आज चित्रोप्तला गंगा महाआरती 1 फरवरी को

**शिवरीनारायण।** भगवान श्री शिवरीनारायण में गद्दी महोत्सव का पर्व 31 जनवरी को तथा चित्रोत्पला गंगा महा आरती 1 फरवरी को संपन्न होगा। गद्दी महोत्सव के लिए कार्यक्रम स्थल को सजाया जा रहा है। चित्रोप्तला गंगा महाआरती की तैयारी तथा कार्यक्रम स्थल का अवलोकन करने के लिए चांपा सेवा संस्थान के पदाधिकारीयों ने शिवरीनारायण पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का अवलोकन किया।

## जिले में 60 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी

# पिछले साल की तुलना में 3 लाख क्विंटल कम हुई धान की खरीदी

.हरिभूमि न्यूज ⏭ जाजगीर-चांपा



राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी इस बार शनिवार पड़ने के कारण एक दिन पहले ही पूरी हो गई। खरीदी के अंतिम दिन 30 जनवरी की स्थिति में जिले में 60 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी बताई जा रही है, जबकि पिछले साल करीब साढ़े 63 लाख क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस हिसाब से अबकी बार तकरीबन ढाई लाख क्विंटल धान की कम खरीदी हुई है।

गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू की गई। जिसकी अंतिम तिथि वैसे तो 31 जनवरी निर्धारित थी, लेकिन अंतिम दिन शनिवार पडने के कारण 30 जनवरी को ही धान की अंतिम खरीदी हुई। विभागीय जानकारी के मुताबिक इसके लिए 29 जनवरी को आखिरी टोकन काटा गया। जिसके अनुसार जिले में 60 लाख 90 हजार क्विंटल धान की खरीदी बताई जा रही है। उल्लेखनीय है कि जिले में पिछले साल 63 लाख 32 हजार क्विंटल धान की खरीदी हुई थी। इस हिसाब से देखा जाए तो इस साल 2 लाख 42 हजार क्विंटल धान की खरीदी कम हुई है। इसी तरह किसानों के पंजीकृत रकबा व संख्या के हिसाब से देखा जाए तो 1 लाख 29 हजार में से 1 लाख 19 हजार किसान धान बेचने पहुंचे है। कुल मिलाकर समर्थन मूल्य में धान खरीदी में इस बार बनाए गए एग्रीस्टेक, किसान पंजीयन, आनलाइन गिरदावरी के कारण खरीदी पिछले साल की तुलना कम हुई है। उल्लेखनीय है कि इस बार शुरूआती दौर से ही रकबा संशोधन व एग्रीस्टेक के फेर में किसानों को टोकन कटवाने के लिए परेशान होना पड़ा। वहीं अंतिम दिनों में भौतिक सत्यापन के कारण भी बहुत से किसान निर्धारित रकबे के अनुसार धान बेचने से वंचित हो गए।

### केरा उपार्जन केन्द्र में ताला जड़कर किसानों ने किया प्रदर्शन



नवागढ़ क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र केरा में शुक्रवार 30 जनवरी को किसानों ने जमकर प्रदर्शन किया। धान नहीं बिकने से नाराज होकर किसानों ने केन्द्र के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया। वहीं केन्द्र के बाहर खड़े होकर कई घंटे तक नारेबाजी की। किसानों द्वारा टोकन काटने और धान खरीदी करने की मांग की जा रही थी। किसानों के प्रदर्शन की सूचना पर अधिकारी मौके पर पहुंचे और किसानों से चर्चा की। किसानों ने अधिकारियों को बताया कि सप्ताह भर से उनको टोकन के लिए घुमाया जा रहा है। टोकन नहीं कटने के कारण उनका धान नहीं बिक सका है। इस पर अधिकारियों ने अंतिम दिन होने के कारण टोकन काटने में असमर्थता जताई। अधिकारियों का कहना था कि पूर्व में जिनका टोकन 30 जनवरी के लिए कटा था, केवल उनकी ही धान की खरीदी हो सकेगी। किसानों का कहना था कि केरा उपार्जन केन्द्र में कई किसान ऐसे है जिनका रकबा के मुताबिक धान नहीं बिक सका है। ऐसे किसानों ने पूर्व में टोकन कटवाने के लिए काफी प्रयास किया, लेकिन उनका टोकन नहीं काटा गया। कई घंटे तक प्रदर्शन करने के बाद किसानों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा।

#### 94 प्रतिशत हुई

जिले में 94 प्रतिशत धान की खरीदी हुई है। हालांकि मात्रा के हिसाब से खरीदी में कमी आई है, लेकिन जितने किसानों का जितना रकबा पंजीयन हुआ था। उसके हिसाब से 94 प्रतिशत किसानों का धान खरीदा गया है।

**-अमित साहू,**
नोडल अधिकारी
जिला सहकारी बैंक जांजगीर



राईस मिल में ताला जडते अधिकारी।

# अफसरों ने दबिश देकर राइस मिल को किया सील

## स्टाक में गड़बड़ी पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

धान खरीदी के अंतिम चरण में उपार्जन केन्द्रों में अवैध धान खपाने से रोकने के लिए जिला प्रशासन की टीम ने राइस मिल में दबिश दी। ठठारी के चतुर्भुज राइस मिल में छापामार कार्रवाई कर जांच की गई। इस दौरान स्टाक में गड़बड़ी पाए जाने पर धान जब्त करने के साथ ही राइस मिल को सील कर दिया गया।

खरीफ विपणन वर्ष के अंतर्गत धान खरीदी के अंतिम चरण में जिला प्रशासन द्वारा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए गए। जिलेभर में सतत निरीक्षण एवं कठोर कार्यवाही की गई। इसी कड़ी में संयुक्त जांच टीम ने विकासखंड जैजैपुर अंतर्गत ग्राम ठठारी स्थित चतुर्भुज राइस मिल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मिल के स्टाक पंजी व अन्य दस्तावेजों के साथ ही धान के स्टाक का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान मिल में 1147 बोरी धान कम पाया गया, जिसे गंभीर अनियमितता की श्रेणी में माना गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राइस मिल में उपलब्ध 46,161 कट्टा धान एवं 903 कट्टा चावल को जब्ती-सुपुर्दगी में लिया। अनियमितता पाए जाने पर राइस मिल को सील करने की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से प्रशासन द्वारा लगातार राइस मिलों में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान गड़बडी पाए जाने पर बड़ी मात्रा में धान जब्त करने की कार्रवाई की गई। साथ ही आधा दर्जन से अधिक राइस मिल को सील किया गया है।

# सड़क पर दुकान लगाने वालों से नगर प्रशासन ने वसूला जुर्माना



मौके पर कार्रवाई करता नगर पंचायत का अमला।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बम्हनीडीह

नगर पंचायत बम्हनीडीह के साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था का आलम है। व्यापारियों द्वारा सड़क पर ही दुकानें सजाई जा रही है। इससे आवागमन बाधित होने के साथ ही हादसों का खतरा बना रहता है। इस पर नकेल कसने नगर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया है।

साप्ताहिक बाजार में अव्यवस्था को देखते हुए प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राधाचरण तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सड़क पर अव्यवस्थित रूप से दुकान लगाकर रास्ता बाधित करने वाले दुकानदारों पर जुर्माना लगाया गया है। इस दौरान टीम ने मौके पर पहुचकर न केवल चालान काटा बल्कि दुकानदारों को सख्त हिदायत भी दी कि वे भविष्य में अपनी दुकानें निर्धारित स्थान पर ही व्यवस्थित ढंग से लगाएं। सीएमओ ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर अतिक्रमण के कारण नगरवासियों और राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जिसे दूर करना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने दुकानदारों को समझाइश दी है कि यदि आगामी बाजार दिनों में व्यवस्था में सुधार नहीं दिखा तो और भी सख्त वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ताकि आम जनता को सुगम यातायात की सुविधा मिल सके।

### संस्था में अब तक कुल 17 बालकों को मिला पालन पोषण देखरेख परिवार

**जांजगीर-चांपा।** संस्था में निवासरत अब तक कुल 17 बच्चों को पालन पोषण देखरेख परिवार से जोड़ा गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र सिंह जायसवाल ने बताया कि जिले में संचालित बाल देखरेख संस्था में निवासरत एक बालिका को पालन-पोषण देखेरख परिवार जिला कोरबा नियमानुसार अस्थायी आदेश पर सपुर्द किया गया है। परिवार द्वारा पालन-पोषण हेतु जिला बाल संरक्षण अधिकारी दुर्ग को आवेदन किया गया था, जिसे दुर्ग की जिला बाल संरक्षण अधिकारी द्वारा जिले में स्थानांतरित किया गया। परिवार के समस्त दस्तावेजों जैसे नवीनतम फोटोग्राफ, आधार कार्ड, जन्म तिथि हेतु कक्षा दसवीं का प्रमाण पत्र, मेडिकल, निवास, विवाह प्रमाण पत्र, प्रतिष्ठित व्यक्तियों के संदर्भ पत्र, पुलिस सत्यापन, टीडीएस एवं पेन कार्ड का अवलोकन किया गया। सभी दस्तावेज सही पाए जाने पर बालक व परिवार की मैचिंग प्रक्रिया कराई गई। जहां बच्चे द्वारा परिवार के साथ रहने की इच्छा जाहिर की गई एवं परिवार द्वारा भी बालक को अपने साथ पालन-पोषण देखरेख हेतु ले जाने की सहमति दी गई। इसके पश्चात संस्था में संरक्षण प्राप्त 01 बालिका को पालन-पोषण परिवार को संरक्षण हेतु आदेश पारित किया गया।

## कार्रवाई...




**जांजगीर-चांपा।** रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बम्हनीडीह पुलिस ने ग्राम खपरीडीह स्थित रेत घाट क्षेत्र में दबिश देकर अवैध रूप से रेत का परिवहन करते हुए रेत से भरे दो हाईवा वाहनों को पकड़ा। दोनों वाहनों को मौके पर ही जप्त कर लिया गया है। प्रकरण में संबंधित वाहन चालकों एवं मालिकों के विरुद्ध गौण खनिज अधिनियम सहित अन्य धाराओं में कार्यवाही की जा रही है।

### बिर्रा में संकुल स्तरीय क्रीडा प्रतियोगिता का आयोजन 3 से

**जांजगीर-चांपा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत संकुल केंद्र बिर्रा के शाउमावि बिर्रा में संकुल स्तरीय कीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी को सुबह 11 बजे शुभारंभ किया जाएगा। संकुल केंद्र बिर्रा के संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन ने बताया कि संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन 3 फरवरी से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में रखा गया है। मुख्य अतिथि हरिराम जयसवाल जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा होंगे। अध्यक्षता श्रीमती रत्ना थवाईत करेंगी। विशिष्ट अतिथि सुश्री प्रज्ञा यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बम्हनीडीह, अविनाश चौहान तहसीलदार बम्हनीडीह होंगे।

# क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 5 आसामाजिक तत्व गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

क्षेत्र में अशांति फैलाने वाले 5 असामाजिक तत्व के लोगों को गिरफ्तार कर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देश पर असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की



जा रही है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं सीएसपी कोतवाली योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में थाना सिटी कोतवाली जांजगीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पेट्रोलिंग के दौरान पुलिस ने विभिन्न स्थानों से 5 असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। पुलिस ने बुटू उर्फ रंजन, पिता बिसाहू देवार 30 वर्ष, निवासी शांति नगर, जांजगीर, राजेंद्र उर्फ बोटर्स, पिता आनंद राम देवार 26 वर्ष, निवासी शांति नगर, जांजगीर, पंकज उर्फ गोल्डी, पिता लक्ष्मीकांत श्रीवास 19 वर्ष, निवासी शांति नगर, जांजगीर, दीनू सेन बर्मन, पिता नरेंद्र बर्मन 26 वर्ष, निवासी भाठापारा, जांजगीर, सुमित रत्नाकर, पिता केदार रत्नाकर 25 वर्ष निवासी भाठापारा को गिरफ्तार किया गया है। उक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में शांति भंग करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## कल्याणपुर के आश्रित ग्राम दर्रीटांड का मामला, गंभीर दुर्घटनाओं का मंडरा रहा खतरा

# अधूरे निर्माण पर स्थायी बिजली कनेक्शन, विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम पंचायत कल्याणपुर के आश्रित ग्राम दर्री टांड़ में भवन निर्माण पूर्ण हुए बिना ही स्थायी विद्युत कनेक्शन जारी किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। यह प्रकरण विद्युत विभाग के निर्धारित नियमों एवं सुरक्षा मानकों के विपरीत बताया जा रहा है, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है।

दर्रीटाड में जिन मकानों को स्थायी बिजली आपूर्ति दी गई है, उनका निर्माण कार्य अभी अधूरा है। भवन संरचना न तो पूरी तरह सुरक्षित है और न ही विद्युत सुरक्षा से संबंधित आवश्यक तकनीकी मानकों का पालन किया गया है।



इस तरह के निर्माणाधीन मकानों को दिया गया स्थायी कनेक्शन।

इसके बावजूद बिना समुचित स्थल निरीक्षण और तकनीकी परीक्षण के स्थायी कनेक्शन स्वीकृत कर दिए गए, जो स्पष्ट रूप से लापरवाही को दर्शाता है। ग्रामीणों का कहना है कि अधूरे निर्माण में बिजली आपूर्ति से करंट लगने, शॉर्ट सर्किट और आगजनी जैसी गंभीर दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। विशेष रूप से वर्षा ऋतु में इस प्रकार की लापरवाही जान-माल के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। ऐसी स्थिति में किसी अप्रिय घटना की जिम्मेदारी किसकी होगी, यह प्रश्न भी सामने आ रहा है। जिस भूमि पर यह निर्माण किया गया है, वह पहले से ही विवादित रही है। करीब दो वर्ष पूर्व एसडीएम द्वारा अवैध कब्जा मानते हुए उक्त स्थल पर बने मकानों को हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है। इसके बाद उसी स्थान पर पुनः निर्माण कर स्थायी विद्युत कनेक्शन दिया जाना प्रशासनिक समन्वय पर भी सवाल खड़े करता है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर नियमों की अनदेखी कर कनेक्शन जारी करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए।

#### की जाएगी कार्रवाई

यदि दर्री टांड़ क्षेत्र में निर्माणाधीन मकानों को स्थायी विद्युत कनेक्शन दिया गया है, तो शिकायत प्राप्त होने पर जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**-बी.एल. जांगड़े,**
सहायक अभियंता
विद्युत विभाग अकलतरा

# धारदार चाकू लेकर आने जाने वाले लोगों को डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

धारदार चाकू लेकर आने जाने वालो को डराने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना सिटी कोतवाली से पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था। दौरान पेट्रोलिग पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुआ कि नहरिया बाबा रोड नहर किनारे एक व्यक्ति धारदार हथियार रखा है। आने जाने वाले लोगों को डरा रहा है। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, सीएसडी कोतवाली योगिता खापर्डे को दिया गया, जिस



पर थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल टीम मौके की ओर रवाना किया गया टीम के द्वारा नहरिया बाबा रोड नहर के पास से एक व्यक्ति को पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम हरेंद्र बरेठ निवासी जांजगीर बताया। जिसके कब्जे से एक नग चाकू जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की कार्यवाही किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के वार्षिक कैलेंडर का हुआ विमोचन

**कोरबा।** स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ का वार्षिक कैलेंडर विमोचन भाजपा जिा अध्यक्ष गोपाल मोदी के द्वारा बीजेपी कार्यालय ट्रांसपोर्ट नगर में सम्पन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम में स्वास्थ्य संयोजक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष पन्नालाल पटेल, जिला उपाध्यक्ष निरंजन प्रसाद साहू, जिला सचिव लखेश्वर प्रसाद कुंभकार, जिला आईटी सेल प्रभारी सुनील कुमार शर्मा, कटघोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम जायसवाल, कटघोरा ब्लॉक उपाध्यक्ष चंद्र भूषण राठौर, बसंत मार्टिन, कोरबा ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार सिंह, श्रीमती संगीता राठौर, शत्रुघ्न यादव, सुधीर कुमार पैकरा उपस्थित रहे। विमोचन कार्यक्रम के प्रायोजक श्री गोपाल मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के संस्थापक डॉ.गोपाल बन गोस्वामी के उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

### अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड प्रतियोगिता में लावण्या ने जीता स्वर्ण पदक



**कोरबा।** हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलांपियार्ड प्रतियोगिता में डीएव्ही पब्लिक स्कूल कुसमुण्डा की कक्षा 9वीं की छात्रा कुमारी लावण्या प्रधान को स्वर्ण पदक प्राप्त किया। राष्ट्रीय हिन्दी प्रतिभा सम्मान एवं नगद राशि 29 जनवरी को तीन मूर्ति भवन, प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली के सभागार में मुख्य अतिथि डॉ.विनोद नारायण इंदूरकर अध्यक्ष सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार, डॉ पाटिल प्रांजल लहँसिंह अतिरिक्त शिक्षा निदेशक शिक्षा निदेशालय दिल्ली सरकार, डॉ.पूरन चंद्र टंडन निदेशक, भारतीय अनुवाद परिषद, नई दिल्ली, डॉ कैलाश जाधव संयोजक, गोवा हिन्दी अकादमी, गोवा के द्वारा प्रदान किया गया है। हिन्दी विकास संस्थान दिल्ली के अध्यक्ष डॉ.पीयूष कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार तिवारी, महासचिव कल्पना शर्मा, सयुंक्त सचिव डॉ प्रेम कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष संदेश डबास, सदस्य सफलता गौतम, अमित शर्मा, कुसुमपाल कश्यप, मनोज तंवर, अरविंद शर्मा एवं सदस्य चयन समिति के सभी निर्णायक मंडल एवं उपस्थित सभी प्रबुद्ध जनों ने छात्रा लावण्या प्रधान को आशीर्वाद दिया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### पाली महोत्सव आयोजन स्थल का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**कोरबा।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पाली के केराझरिया में 15 एवं 16 फरवरी को आयोजित होने वाले दो दिवसीय पाली महोत्सव की तैयारियों के संबंध में स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित नोडल अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा करते हुए समग्र तैयारी की समीक्षा की। कलेक्टर ने मंच एवं बैठक व्यवस्था हेतु की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने पार्किंग, वीआईपी बैठक व्यवस्था, विभागीय स्टॉल सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुत होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच पर आवश्यक व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने पेयजल व्यवस्था, शौचालय, कलाकारों के ठहरने की व्यवस्था तथा प्रवेश पास से संबंधित तैयारियों की भी समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। कलेक्टर ने संभावित वीआईपी आगमन की स्थिति में हेलीपैड की तैयारी की जानकारी ली। उन्होंने आपात स्थिति की तैयारी के लिए एम्बुलेंस एवं अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# जंगल में आग रोकने व हाथियों की निगरानी के लिए तैयार हो रहा वाच टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

जंगल में फरवरी के बाद अग्नि सीजन शुरू हो जाता है। साथ ही जिले के जंगल में हाथियों की हमेशा आमद बनी रहती है। इसलिए फायर सीजन व हाथियों की सही निगरानी हो सके इसके लिए वन विभाग वनांचल क्षेत्र में लगातार वॉच टावर निर्माण कर रहा है, ताकि अग्नि सुरक्षा के साथ-साथ हाथियों की निगरानी में भी वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी सही कर सके।

उल्लेखनीय है कि कोरबा वनमंडल के विभिन्न क्षेत्रों में हाथियों का बसेरा बना रहता है। खासतौर पर कुदमुरा, करतला पसरखेत, लेमरू बालको रेंज में सबसे ज्यादा हाथियों का आना जाना लगा रहता है। वहीं दूसरी ओर फरवरी का महीना शुरू होने वाला है और फरवरी के महीने से ही जंगल में आगजनी की घटना शुरू हो जाती है, लेकिन सबसे ज्यादा आगजनी की घटना मार्च और अप्रैल महीने में सामने आती है। वहीं दूसरी ओर हाथियों की निगरानी बेहतर ढंग से हो सके और जंगल को आग से बचाया जा सके, इसके लिए वन विभाग द्वारा जंगल में वाच टावर का निर्माण किया जा रहा है। बताया जाता है कि कोरबा वन मंडल के लगभग आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर वन विभाग द्वारा वाच टॉवर का निर्माण किया जा चुका है, जिसमें मुख्य रूप से कुदमुरा वनपरिक्षेत्र के चिर्रा, गुरमा, पसरखेत रेंज में बताती, फूलसरी, करतला रेंज में संडैल शामिल है। जबकि आने वाले दिनों में गेरांव और गिद्धकुंवारी में लाखों की लागत से वाच टावर निर्माण कराने की दिशा पर वन विभाग प्रयास कर रहा है। वन विभाग के एसडीओ एसके सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि वाच टावर बहुत सारे इस्तेमाल हैं। खास तौर पर इस वॉच टावर के माध्यम से जंगल में किस स्थान पर आग लगी है यह देखने में आसानी होता हैद। वहीं दूसरी ओर वाच टावर के माध्यम से हाथियों की ट्रैकिंग भी सही होती है। हाथियों की मौजूदगी व सुरक्षा की दृष्टिकोण से वाच टावर का निर्माण कराया जा रहा है। निश्चित तौर पर इसके निर्माण से हाथियों की निगरानी और जंगल की सुरक्षा में तेजी आई है। आने वाले दिनों में फरवरी के महीने से अग्नि का सीजन शुरू हो जाएगा। ऐसे में ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी और व अग्नि पहरी वाच टावर में चढ़कर जंगल में आगजनी का एग्जैक्ट लोकेशन का पता लगा पाते हैं।

### आधा दर्जन से अधिक स्थानों में किया गया तैयार

**खास बातें**

- दो नए स्थानों में लाखोंकी लागत से बनेगा वॉच टावर
- फायर सीजन में होगा सबसे ज्यादा इस्तेमाल



### उद्योग मंत्री ने 2 करोड़ रू. से वार्ड क्र. 56 में बनेगा नाला

# मुख्यमंत्री की अगुवाई में विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा राज्य : लखन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



भूमिपूजन करते उद्योग मंत्री देवांगन, महापौर राजपूत व अन्य।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के हित में लिए गए अपने ऐतिहासिक निर्णयों के लिए जाने जाते हैं उनके निर्णयों से विश्वस्तर पर भारत का सम्मान बढ़ा है तथा विश्व में भारत की प्रतिष्ठा व विश्वसनीयता में वृद्धि हुई है, उनके मार्गदर्शन में एक ओर जहां देश के चहुमुंखी विकास को तेज गति मिली है, वहीं दूसरी ओर उनकी जनकल्याणकारी योजनाओं से देश के करोड़ों परिवार लाभांवित हो रहे हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि अपने सहज, सरल स्वभाव की छवि रखने वाले प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में छत्तीसगढ़ राज्य विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है। 15 वर्षो तक छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री रहे डॉ. रमन सिंह के द्वारा प्रारंभ कराई गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को पूर्ववर्ती सरकार ने बंद कर दिया था, अब इन योजनाओं को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के द्वारा पुनः प्रारंभ कराया गया है, साथ ही जनहित की नई योजनाएं क्रियान्वित कराई गई है।

उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने निगम के वार्ड क्र. 56 लाटा में 2 करोड रूपये से नाला निर्माण तथा 38 लाख रूपये की लागत से सरदार वल्लभभाई पटेल चौक में सौंदर्यीकरण का कार्य के भूमिपूजन अवसर पर कहे। इस दौरान महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर उपस्थित थे। दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 56 में पी.एम.ए.वाई. साईट से लाटा तालाब तक 2 करोड रूपये की लागत से आर.सी.सी. नाला का निर्माण तथा वार्ड क्र. 58 में स्थित सरदार वल्लभभाई पटेल चौक में सौदर्यीकरण का कार्य 38 लाख रूपये की लागत से कराया जाना हैं। उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि जहां तक कोरबा के विकास का प्रश्न है तो यहां पर निगम के सभी 67 वार्डो में बिना किसी भेदभाव के लगातार विकास कार्य जारी हैं, विगत 2 वर्षो के दौरान यहां 800 करोड़ रूपये के विकास कार्यो को स्वीकृत दी जा चुकी है, जिसमें अनेक कार्य प्रगतिरत या पूर्णता की ओर है तथा बडे.पैमाने पर विकास कार्य प्रारंभ भी कराए जा रहे हैं। इस अवसर पर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने वार्ड क्र. 56 में सार्वजनिक मंच निर्माण की घोषणा एवं सी.सी. रोड निर्माण की घोषणा भी की।

# अटल स्मृति भवन बनेगा भाजपा संगठन की नई पहचान : गोपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



पत्रकारों से चर्चा करते भाजपा पदाधिकारी।

**खास बात**

- नवीन जिला कार्यालय के भूमिपूजन को लेकर भाजपा की पत्रकार वार्ता

सेवा ही संगठन है के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए भारतीय जनता पार्टी कोरबा जिला द्वारा एक भव्य, आधुनिक एवं सर्वसुविधायुक्त जिला कार्यालय के निर्माण की दिशा में ऐतिहासिक पहल की जा रही है। जिले के नवीन भाजपा जिला कार्यालय का नामकरण अटल स्मृति भवन के रूप में किया जाएगा, जो राष्ट्रनायक भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के विचारों और आदर्शों का प्रतीक होगा।

उक्त बातें भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष गोपाल मोदी ने भाजपा के नवीन जिला कार्यालय के भूमिपूजन समारोह के अवसर पर आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान कही। प्रेस क्लब तिलक भवन में आयोजित मीडिया से संवाद सह भेंटवार्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में केबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोदी, विधायक प्रेमचंद पटेल, महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत, रायपुर संभाग के सह प्रभारी डॉ. राजीव सिंह एवं जिला महामंत्री युवा मोर्चा नरेंद्र देवांगन की विशेष उपस्थिति रही। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष श्री मोदी ने जानकारी दी कि यह नया जिला कार्यालय लगभग 1 एकड़ 68 डिसमिल भूमि पर निर्मित किया जाएगा, अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह कार्यालय दूर-दराज़ से आने वाले कार्यकर्ताओं के लिए संगठनात्मक गतिविधियों, प्रशिक्षण, वैचारिक विमर्श एवं जनसेवा का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने भाजपा के संगठनात्मक इतिहास का उल्लेख करते हुए बताया कि पूर्व में भाजपा जिला कार्यालय का भूमि पूजन 16 जनवरी 1991 को तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष लखीराम अग्रवाल के कर-कमलों से संपन्न हुआ था तथा उसका लोकार्पण 24 मार्च 1993 को कुशाभाऊ ठाकरे द्वारा किया गया था। नया प्रस्तावित कार्यालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि भाजपा की विचारधारा, संस्कार और राष्ट्र प्रथम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने वाला वैचारिक केंद्र होगा।

# कटघोरा को जिला बनाने की मांग तेज अधिवक्ता संघ ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा



ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता संघ के प्रतिनिधि।

**खास बात**

- आज से क्रमिक धरना प्रदर्शन की घोषणा

कटघोरा को जिला बनाए जाने की वर्षों पुरानी मांग एक बार फिर जोर पकड़ती नजर आ रही है। इसी कड़ी में कटघोरा जिला बनाओ अभियान समिति एवं अधिवक्ता संघ कटघोरा के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कटघोरा को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शासन से शीघ्र निर्णय लेकर कटघोरा को जिला घोषित करने की मांग की गई।

अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि मांग पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो 30 जनवरी 2026 से क्रमिक धरना प्रदर्शन प्रारंभ किया जाएगा। संघ के सदस्यों ने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण होगा, किंतु मांग पूरी होने तक निरंतर जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे और सभी ने एक स्वर में कहा कि कटघोरा क्षेत्र प्रशासनिक, भौगोलिक एवं जनसंख्या की दृष्टि से जिला बनने की सभी योग्यताएँ रखता है। जिला बनने से स्थानीय नागरिकों को प्रशासनिक सुविधाओं का त्वरित लाभ, न्यायिक कार्यों में सरलता तथा क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। अधिवक्ता संघ ने यह भी कहा कि वर्षों से चली आ रही इस मांग को अब और टालना उचित नहीं होगा। क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं और विकास की आवश्यकताओं को देखते हुए शासन को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए।

### एसईसीएल कर्मी के घर चोरों का धावा, मामला दर्ज

**कोरबा।** बांकीमोंगना थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल कॉलोनी निवासी हीरालाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि वह एसईसीएल सिंघाली खदान में कार्यरत है। विगत दिनों अपने घर में ताला लगाकर अपने गृहग्राम ऐडू चला गया था कि 28 जनवरी को उसे पड़ोसी गांधी लाल साहू ने सुबह 10.20 बजे फोन कर बताया कि तुम्हारे घर में चोरी हो गई है। पड़ोसी ने उसे बताया कि उसके घर के दरवाजा में लगा ताला टुटा हुआ है। उसने सूचना पाकर अपने बेटा गणेश राम के साथ बांकीमोगरा घर आया और देखा कि घर का ताला टुटा हुआ था और घर के अंदर प्रवेश किया तो उसने देखा कि कपड़ा सहित अन्य बिखरा पड़ा हुआ है। अलमारी का लॉकर भी टूटा पाया गया और अलमारी में रखे नगद 20 हजार रूपये नही थे। अनुमान लगाया जा रहा है कि किसी अज्ञात चोर घर के दरवाजा में लगे ताले को तोड़कर 20 हजार रूपये नगदी की चोरी कर ली है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय: प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी: प्रवीण मिश्रा)**

प्रोसेस क्रमांक- 22/2026,
उत्तराधिकार प्र. क्र. 11/2025
पेशी तिथि- 27/01/2026

**// ईश्तहार //**

श्रीमती ज्योति खरे......आवेदिका....बनाम
श्रीमान प्रबंधक वगैरह..........अनावेदकगण
(1) आम जनता, (जिनका हित हो), जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

उपरोक्त अनावेदकगण के विरुद्ध इस न्यायालय में उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक 11/2025 पक्षकार श्रीमती ज्योति खरे बनाम श्रीमान प्रबंधक वगैरह, अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1972 के तहत पेश किया गया हैं, जिसमे स्व. प्रवीण खरे के नाम पर विभागीय पेंशन राशि, अनुग्रह राशि तथा अनुकम्पा नियुक्ति को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान करने हेतु पेश किया गया है, जिसकी पेशी दिनांक 27-02-2026 को नियत है। अनावेदक क्र. 03 आम जनता को उस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस / ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा हैं। इस प्रकरण में दिनांक 27-02-2026 को दिन 11.00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में अपना पक्ष रख सकते है। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपरोक्त तिथि को उपसंजात (हाजिर) नहीं होगें तो उक्त प्रकरण में आपके गैर हाजिरी में सुनवाई किया जावेगा। यदि किसी कारणवश उपरोक्त सुनवाई तिथि को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो आगामी कार्य पर प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 27-01-2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से जारी किया गया।
स्थान: जांजगीर
दिनांक: 27/01/2026

(प्रवीण मिश्रा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, जांजगीर, जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)

जाँजगीर मार्केट

आदित्य प्लाई, हार्डवेयर, फर्नीचर
मो. 6260115021
प्लाई, सनमाइका, फेवीकोल, सेंट्रींग प्लाई, वॉल पेपर, मंदिर दरवाजे, खिड़की, चौखट, तखत, टेबल, सोफा सेट, दीवान पलंग, सेंट्रींग फर्मा, गद्दे, तकीये एवं शादी विवाह के संपूर्ण समान थोक एवं चिल्हर
एक छत के नीचे कम दाम पर प्राप्त करें।
संबंधित प्रतिष्ठान: सिंघानिया लकड़ी लघु उद्योग
सभी प्रकार की ईमारती लकड़ी एवं सेंट्रिंग की लकड़ी कम दर पर प्राप्त करें।
लिंक रोड, नेताजी चौक, बैंक ऑफ बडौदा के पास जांजगीर मो.9302362173

प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स बवासीर भगंदर पथरी (बिना ऑपरेशन)
* फ्रेक्चर, प्लास्टर, ऑपरेशन के बाद जोड़ों का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
* कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
* सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
* नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS(Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में, चाम्पा
M : 96915 53615

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छतीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

TOP IN JANJGIR

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन MBBS, MS, MCh, DrNB Urology Mumbai Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
• पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
• महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
डॉ. संजीता जैन MBBS, MS, FPRS OPHTHALMOLOGIST PHACO & LASIK SPECIALIST नेत्र रोग विशेषज्ञ
• आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
• बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
• गरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
• आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
• डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
• नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
• कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
• चश्में की जांच, काले मोतिया की जांच
• आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
• दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
• बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
• हड्डी टूटने की सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
• शल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
• शोल्डर और बाजू की सर्जरी
• कमर दर्द, साइटिका एवं आर्थराइटिस का ईलाज
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
• हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलॉजी, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. स्पायरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
जनरल सर्जरी विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेन्डिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रूकावट, हर्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वरीकोसील, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट स्तन, कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

## खबर संक्षेप

### सिवनी स्कूल में सरपंच ने फहराया तिरंगा, बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी



**बहेराडीह।** गणतंत्र दिवस का पर्व शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिवनी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के शुरुआत में सरपंच कृष्णकुमारी शिवसिंह सिडार ने भारत माता,और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित किया गया। इसके बाद सरपंच के द्वारा झंडा फहराया गया। राष्ट्रगान के बाद राष्ट्र गीत का गायन अभी के द्वारा किया गया। बच्चों के द्वारा प्रभात फेरी गांव के प्रमुख चौक में होते हुए निकली गई। प्रभात फेरी पश्चात कक्षा पहली से बारहवीं के बालक, बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अपने संबोधन में जनपद सदस्य श्री चूड़ामणि राठौर ने स्कूल के अनुशासन और पढ़ाई पर चिंता व्यक्त करते हुए आने वाले समय में जनभागेदारी के सदस्यों के सहयोग से पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने एवं नियमित निगरानी करने की बात कही। बालक पूर्व माध्यमिक शाला के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हेतराम देवांगन और हायर सेकेंडरी के अध्यक्ष मनमोहन देवांगन ने भी सभी शिक्षकों को अनुशासन पर विशेष ध्यान देते हुए पढ़ाई पर विशेष जोर देने की बात कही। बच्चों के सभी कार्यक्रम में प्रतिभागियों को चूड़ामणि राठौर जनपद सदस्य द्वारा नगद पुरस्कार देने की घोषणा किया गया। कार्यक्रम का संचालन अशोक तिवारी एवं शशिप्रभा के द्वारा किया गया। आभार राजू देवांगन के द्वारा व्यक्त किए गया।

### देव किरारी में आन-बान-शान से लहराया तिरंगा



**किरारी।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर देव किरारी ग्राम में राष्ट्रध्वज तिरंगा पूरे आन-बान-शान के साथ फहराया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम ग्राम पंचायत किरारी के सरपंच अशोक कश्यप एवं जनपद सदस्य श्रीमती त्रिवेणी चौहान की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर लाटा महराज, कमल कश्यप, राजेन्द्र साहू, संस्था की प्राचार्य श्रीमती अंजूला सोनी तथा उपसरपंच धनेश गोंड की विशेष उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय एवं ग्राम स्तर पर आयोजित खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 150 छात्र-छात्राओं को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शशिकांत दीवान, उपासना शर्मा सुभाष कश्यप, रजनी पाण्डेय, सीता कुर्रे, अनुरंजिता सिंह, दीपक भानु मिश्रा, गोपेश पाटले, गोपेन्द्र पटेल, भूपेन्द्र कंवर, करुणा यादव, गोपाल नागदेव, नीलिमा दूबे, पंचराम यादव, कुंभकार सर, साहू सर एवं रश्मि वारे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### पंचायत मुख्यालय जाटा में सरपंच ने किया ध्वजारोहण



**बहेराडीह।** ग्राम पंचायत जाटा के पंचायत भवन में सरपंच श्रीमती चंद्रकला सरवन कश्यप ने 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत के सचिव जमुना सिंह नेताम समेत रोजगार सहायक सूरज दास महंत, आवास मित्र ओमप्रकाश साहू,पंच मोहर साय मिरी, जीवन बंजारे, ललित कंवर, ऋतु बंजारे, जोहान मरकाम, सुशील यादव, राजाराम कर्ष, ऊषा महंत, अनीता कर्ष, रूखमणि कर्ष, राजेश्वरी बलराम मरकाम, कृष्ण मुरारी राठौर, रामायण यादव, श्याम कुमारी पाटले, रामकुमार पाटले, शांतिबाई गबेल, ईश्वर यादव, चंद्रिका चौबे, बहरता कर्ष, मनोज मिरि, बिरिछ मिरि, प्रदीप पटले और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### गुरुकुल कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में हुआ ध्वजारोहण



**बहेराडीह।** समीपस्थ सिवनी में स्थित गुरुकुल कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में 26 जनवरी को स्कूल के संचालक कमलेश राठौर ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के दौरान स्कूली छात्र छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर गुरुकुल कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य श्रीमती भारती बल, समिति के कोषाध्यक्ष श्रीमती ईश्वरी राठौर, अजय कुमार अनंत, पुष्पेंद्र कुमार पटेल, श्रीमती कात्यायनी, अनिता, प्रतीक राठौर, यशोदा, समेलाल, लाला देवांगन, अलका, गोपिका, रश्मि सुनिता, दिब्यां, याचना, मीतू, कुसुम, तुलसी संतोषी, यामिनी प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

## जगह-जगह फहराया गया तिरंगा, स्कूलों में बच्चों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

# नगर में हर्षोल्लास से मना राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस





गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहन करते भोजपुरी समाज के संस्थापक जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र सिंह। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहन करते धीरेन्द्र बाजपेयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

नगर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 77वीं वर्षगांठ सोमवार 26 जनवरी को हर्षोल्लास से परंपरानुसार मनाई गई। इस मौके पर शहर के सभी निजी व शासकीय स्कूलों सहित सरकारी कार्यालयों तथा औद्योगिक संस्थाओं में आन-बान-शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। साथ ही अनेक स्कूलों में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन हुआ।

शहर में राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 77 वीं वर्षगांठ पर प्रातः 7:30 बजे सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थाओं सहित सरकारी कार्यालयों में संस्था प्रमुखों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस दिन प्रातः 7:30 बजे नगरपालिका कार्यालय में पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव द्वारा तिरंगा फहराया गया। इसके बाद प्रातः 8 बजे गांधी सामुदायिक भवन में पालिका उपाध्यक्ष अमरजीत सिंह खटकर ने ध्वजारोहण किया। प्रातः 8.30 बजे हटरी बाजार स्थित गांधी चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चांपा के अध्यक्ष सुनील साधवानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके बाद प्रातः 9 बजे बापू बालोद्यान में भाजपा नगर मंडल चांपा के अध्यक्ष संतोष थवाईत द्वारा तिरंगा फहराया गया। इसके बाद प्रातः 9.45 बजे गौरव पथ स्थित विवेकानंद उद्यान में राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान तथा राष्ट्रगान का आयोजन पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव की उपस्थिति में हुआ। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे भालेराय मैदान में ध्वजारोहण पालिकाध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने किया। यहां स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान, सामूहिक मार्च पास्ट, सामूहिक पी.टी. प्रदर्शन, मुख्य अतिथि के उद्बोधन, पुरस्कार वितरण के साथ ही वंदे मातरम गायन के बाद समारोह का समापन हुआ। इसके अलावा शहर के सभी शासकीय व निजी शैक्षणिक संस्थाओं में संस्था प्रमुख ने तिरंगा फहराया। इसके अतिरिक्त औद्योगिक संस्थान प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड में भी कारखाना प्रमुख ने ध्वजारोहण किया। स्थानीय ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण सुबह 8 बजे आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान अनिल मोदी के निवास स्थान एनीकट मार्ग श्याम मंदिर के पास डीबी वेंचर्स के डायरेक्टर धीरेन्द्र बाजपेयी द्वारा किया गया।

## लायंस स्कूल में समारोह पूर्वक मना 77 वां गणतंत्र दिवस



**चांपा।** स्थानीय लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में 77 वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने की। मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने ध्वजारोहण किया। प्राचार्य श्रीमती अजिता वी. के. ने स्वागत भाषण दिया।

मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने कहा कि आज का दिन हमें इस बात का स्मरण कराता है कि इस दिन से देश में हमारा संविधान लागू हुआ। उन्होंने नगर के समाजसेवी अविनाश मुरारका के प्रति इस बात के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की कि वे प्रतिवर्ष विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करते है। लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष कुमार सोनी ने वीर शहीदों के बलिदानों को याद किया जिनके अथम प्रयासों से देश को आजादी मिली। लायंस क्लब के क्लब सर्विस चेयरमेन लायन विनोद कुमार अग्रवाल ने कहा कि नागरिक अपने अधिकारों के साथ-साथ देश के प्रति अपने कर्तव्यों को भी समझे। लायंस क्लब के सचिव लायन राजेश अग्रवाल ने संविधान एवं गणतंत्र दिवस के बारे में सभी को जानकारी दी। उपस्थितों को इसके अलावा लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233-सी के पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन डॉ. व्ही. के. अग्रवाल एवं लायंस क्लब शिक्षण समिति के सचिव लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल ने भी संबोधित करते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर स्व. तारादेवी मुरारका मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा लायंस स्कूल के कक्षा बारहवीं में बायो, मेथ्स एवं कामर्स ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रत्येक छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह एवं प्रोत्साहन राशि 10000 हजार रूपये नगद प्रदान कराकर मुख्य अतिथि के हाथों सम्मानित किया गया। समारोह का संचालन शिक्षिका सुश्री जया अग्रवाल तथा अंत में आभार प्रदर्शन लायन डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने किया। समारोह के दौरान मुख्य अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा किये गये मार्च-पास्ट की सलामी ली। इस मौके पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह स्वरूप कौसेय शाल एवं श्रीफल भेंट किया गया। इस अवसर पर लायन वासुदेव देवांगन, लायन राकेश कुमार साहू, लायन डॉ. व्ही. एन. बिरथरे, लायन डॉ. संतोष अग्रवाल, लायन नारायण प्रसाद सोनी, लायन बैजनाथ देवांगन, लायन खूबचंद देवांगन सहित बड़ी संख्या में स्कूल के विद्यार्थी, उनके अभिभावकगण तथा स्कूल स्टॉफ के लोग उपस्थित थे।

## विद्या निकेतन स्कूल में मनाया गया राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस



**पामगढ़।** विद्या निकेतन उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल पामगढ़ में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया गया । विद्यालय के बच्चों द्वारा विद्यालय परिसर से अटल चौक मार्ग होते हुए तिरंगा चौक एवं अंबेडकर चौक में डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा की पूजा कर माल्यार्पण किया गया।

लगभग 700 से भी अधिक विद्यार्थियों ने इस रैली में भाग लिया। रैली के पश्चात विद्यालय में संस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई जहां देश भक्ति से उत्प्रोत एवं छत्तीसगढ़ की गरिमामयी परंपरा को समर्पित लोक नृत्यों का अभूतपूर्व संगम बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई। वार्षिक उत्सव में विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ था जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धा में विजेता लड़की एवं लड़कों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया तथा स्टूडेंट ऑफ द ईयर का चुनाव कर अवार्ड दिया गया । विद्या निकेतन से अनिया खांडे, भावना निर्मलकर, हिमांशी साहू को साझा रूप से स्टूडेंट ऑफ द ईयर का अवार्ड प्रदान किया गया। ड्रीमलैंड पब्लिक स्कूल से समीर पटेल को स्टूडेंट ऑफ द ईयर लड़का एवं सौम्या पीटर को स्टूडेंट ऑफ़ द ईयर लड़की के रूप में चुना गया। अतिथि के रूप में मनोज खरे अधिवक्ता, दिनेश थवाईत,भीष्म लहरे कोमल ब्रम्हभट्ट उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नरेंद्र कुमार पांडेय विद्यालय संचालक के द्वारा किया गया। इस भव्य आयोजन में अशोक कुमार मिरे, दीपक प्रधान, अखिल शुक्ला, अर्जुन लाल यादव,श्रीमती तुलसी यादव एवं समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा। इस कार्यक्रम का संचालन अर्जुन लाल यादव (उप प्राचार्य) अखिल शुक्ला (विभाग प्रमुख) वीरेंद्र खूंटे (कार्यक्रम अधिकारी रासेयो) द्वारा संपन्न कराया गया।

## हसदेव पब्लिक स्कूल लहराया तिरंगा, बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**चांपा।** चंद्रावली देवी झाझड़िया मेमोरियल हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चांपा में 77 वें ष्गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि मोहन गुलाबानी द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं सभी के द्वारा राष्ट्रगान गाया गया। मुख्य अतिथि एवं समिति के सभी पदाधिकारियों का तिलक व बैच लगाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया गया। अहिंसा, धर्मा, सत्या, शांति चारों हाउस के छात्र.छात्राओं द्वारा परेड कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। अतिथियों ने भारत मां की तैल चित्र पर धूप.दीप प्रज्वलित की। डॉ. शुभम गुप्ता ने अपने विचार प्रस्तुत किये। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीत, शारीरिक व्यायाम, मार्शल आर्ट, कृष्ण.दुर्योधन संवाद, छत्तीसगढ़ी नृत्य और देशभक्ति नृत्य कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। गत वर्ष 2024.25 सीबीएसई बोर्ड की कक्षा.10 वीं और 12 वीं की परीक्षा में टॉप करने वाले बच्चों और बेस्ट हाउस अहिंसा को मुख्य अतिथि द्वारा मोमेंटो ट्राफी भेंटकर सम्मानित किया गया। उपप्राचार्या श्रीमती कमल अंबवानी ने आभार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सर्वांगीण विकास शिक्षा समिति के सचिव अरुण कुमार झाझड़िया, कोषाध्यक्ष कमल अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, मनोज मित्तल, मुरलीधर जयपुरिया, कमल मोदी, डॉ. पुष्पराज देवांगन, प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार शर्मा, मैनेजर जवाहरलाल यादव सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं, कार्यालयीन कर्मचारीगण, चालक-परिचालक,अभिभावक गण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## डीपीएस में ध्वजारोहण के बाद तिरंगे को किया नमन



**चांपा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रांगण में 77वे गणतंत्र दिवस का आयोजन हर्षोल्लास, देशभक्ति और गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुरुषोत्तम देवांगन के द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि के आगमन पर विद्यालय की स्टूडेंट काउंसिल एवं चारों सदन आकाश, अग्नि, पृथ्वी एवं वायु के अनुशासित छात्र-छात्राओं ने आकर्षक परेड, बैण्ड प्रदर्शन एवं गार्ड ऑफ ऑनर के माध्यम से उनका भव्य स्वागत किया। ध्वजारोहण के उपरांत समस्त उपस्थित जनसमूह ने राष्ट्रगान गाकर तिरंगे को नमन किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कल्पना सिंह भारतीय संविधान की आत्मा पर प्रकाश डालते हुए गणतंत्र दिवस के महत्व को भावपूर्ण शब्दों में रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि "गणतंत्र दिवस हमें हमारे अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की भी निरंतर याद दिलाता है।" उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र को सशक्त, आत्मनिर्भर और मूल्यनिष्ठ बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने बच्चों को राष्ट्रीय गीत "वंदे मातरम" की सुस्पष्ट व्याख्या करते हुए उसके भावार्थ को सरल एवं प्रभावी ढंग से समझाया तथा संविधान दिवस के औचित्य पर भी गूढ़ विचार साझा किए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को राष्ट्रप्रेम की भावना से ओजस्वी बना दिया। इस स्वर्णिम अवसर पर कक्षा बारहवीं के छात्र तथा विद्यालय के हेड बॉय आरुष शर्मा ने प्रभावशाली स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। कक्षा सातवीं की छात्रा अदिति पांडेय एवं कक्षा पांचवीं की छात्रा थनिशा साहू ने हिंदी एवं अंग्रेजी में अपने ओजस्वी भाषणों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राष्ट्रीय भावना को साकार करते हुए कक्षा नौवीं की छात्रा चैतन्या सिंह एवं वंशिता कँवर देशभक्ति गीत से सभी को भाव विभोर किया, वहीं शिक्षक सोनू कुमार एवं सुभाष चंद्र यादव के निर्देशन में विद्यार्थियों ने सामूहिक नृत्य एवं संगीत की मनोहारी प्रस्तुतियाँ दीं।कार्यक्रम का संचालन कक्षा 8 वी के छात्र शौर्य अग्रवाल एवं छात्रा पीहू चंदानी ने किया, जबकि छात्रा श्रीम थवानी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## इंडियन पब्लिक स्कूल में उत्साह एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस समारोह



**जांजगीर-चांपा।** इंडियन पब्लिक स्कूल जांजगीर में देश के 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर बड़े ही उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संचालक एवं प्राचार्य विजय राठौर एवं श्रीमती ललिता राठौर द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके बाद सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ ने राष्ट्रगान में एक स्वर होकर भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी, जिसका सभी लोगों ने सराहना की। इस मौके पर बच्चों द्वारा देशभक्ति गीतए कविता पाठ एवं नृत्य प्रस्तुतियां शामिल रहीं। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि गणतंत्र दिवस हमें हमारे संविधान की गरिमाए समानता, स्वतंत्रता और न्याय की भावना की याद दिलाता है। हमारे छात्र न केवल अच्छे नागरिक बनें बल्कि देश की प्रगति में सक्रिय योगदान देने वाले जिम्मेदार व्यक्ति बनें यही हमारा उद्देश्य है। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों को राष्ट्रभक्ति की शपथ दिलाई गई। समारोह में विद्यालय के व्यवस्थापिका श्रीमती मीना मराठे, क्लर्क सह कंप्युटर ऑपरेटर सुरेश कुमार एवं शिक्षिकाएं शशि यादव, प्रतिमा लदेर, संस्कृति मराठेए सावित्री राठियाए अनिमा सिंहए अदिति बंजारेए मुस्कान साहूए प्रिया लदेर और साक्षी यादव उपस्थित रहे ।

## राजेंद्र कुमार सिंह स्कूल में देशभक्ति पर आधारित कार्यक्रमों की दी प्रस्तुति



**अकलतरा।** राजेंद्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला में गणतंत्र दिवस का आयोजन अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य में किया गया इस अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की गई वहीं एनसीसी के कैडेट्स द्वारा बहुत ही मनमोहक ड्रील का प्रदर्शन किया गया इसके साथ ही शाला में पूरे वर्ष में आयोजित कार्यक्रमों के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही ट्रस्ट सिलाई प्रशिक्षण केंद्र द्वारा प्रशिक्षित दो प्रशिक्षार्थियों को सिलाई मशीन प्रदान की गई। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय पूरणमल खंडेलिया की स्मृति में उनके पुत्र द्वारा सिलाई मशीन तथा शाला में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले दो छात्रों को एक एक हजार का पुरस्कार प्रदान किया गया। एनसीसी की शानदार ड्रिल प्रदर्शन के लिए संस्था द्वारा एनसीसी ट्रूप को 11000 रुपए नगद, दिल्ली में यंग इंडिया डायलाग में सहभागी छात्रा किरण निर्मलकर को 11000 रुपए एवं श्रेष्ठा परीक्षा में पूरे देश मे 85 वां स्थान प्राप्त कर्ता छात्र आदित्य रात्रे को 5100 रुपए का पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्था की कोषाध्यक्ष स्वप्निल जैन सचिव ईश्वर खंडेलिया सदस्य राजकुमार गुप्ता पूर्व प्राचार्य आर सी मिश्रा, योगाचार्य रामेन्द्र सिंह चौहान , बजरंग अग्रवाल एवं नागरिक गण उपस्थित थे।

## भगत सिंह पब्लिक स्कूल में मना गणतंत्र दिवस



**अकलतरा।** भगत सिंह पब्लिक स्कूल में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन उल्लासपूर्ण वातावरण में चौकसे ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के ओएसडी डॉ. शरद कौशिक के मुख्य आतिथ्य एवं महेन्द्र सिंह राणा (पूर्व सैनिक), रविन्द्र साहू एवं विद्यालय के विशिष्ट आतिथ्य व वाइस-चेयरमैन जयपाल सिंह बैस के उपस्थिति में किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. कौशिक ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नियमों के पालन एवं योजनाबद्ध जीवन का महत्व बताते हुए कक्षा 5वीं, 6वीं एवं 7वीं के वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को 1100 की प्रोत्साहन राशि तथा कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं के 20 विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति फॉर्म भरने की घोषणा की।विद्यार्थियों की आकर्षक परेड का नेतृत्व परेड कमांडर बिभा सिंह ने किया, वहीं कार्यक्रम का प्रभावशाली संचालन गणेशिया कैवर्त्य ने किया। देशभक्ति गीतों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या श्रीमती रुचिका तिवारी ने आभार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम में वाइस प्रिंसिपल श्रीमती अचला सिंह चंदेल, कल्चरल इंचार्ज श्रिया देवांगन सहित शिक्षकगण व विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वरिष्ठ नागरिक मंच ने धूमधाम से मनाया गणतंत्र दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा




सम्मान करते अतिथि।

वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर बैंड-बाजे के साथ रैली निकाली गई, जिसमें डॉ. भीमराव आंबेडकर, चन्द्रशेखर आज़ाद, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री एवं ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इसके पश्चात सभी सदस्य मंच के कार्यालय कक्ष में एकत्रित हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत-अभिनंदन किया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में मंच अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहना आवश्यक है, साथ ही एक अच्छे नागरिक के रूप में सदाचरण अपनाना भी हमारी जिम्मेदारी है।इस अवसर पर रमेश सोनी एवं छेदीलाल शर्मा ने राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कविताओं का पाठ कर उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। जयकुमार जैन, ओमप्रकाश साहु एवं वीरेन्द्र जैन ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए सभा को संबोधित किया।मुंबई में आयोजित अर्ध-मैराथन दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त करने वाले परसराम गोंड़ का फल एवं पुष्पमाला से भव्य स्वागत किया गया। परसराम गोंड़ ने अपनी सफलता का श्रेय रामेन्द्र सिंह चौहान के मार्गदर्शन में किए गए नियमित योगाभ्यास एवं आत्मबल को दिया। मंच की सदस्यता ग्रहण करने वाले जयकुमार जैन, छेदीलाल शर्मा, भूरेलाल यादव एवं प्रेम सारथी का भी स्वागत-सम्मान किया गया।कार्यक्रम में रामेन्द्र सिंह चौहान, आर.सी. मिश्रा, डॉ. जी.पी. दीक्षित, विजय कुमार जैन, बजरंग लाल भोजासिया, जयकुमार जैन, संतराम साहु, दशरथ नामदेव, घनश्याम राजवाड़े, वीरेंद्र कुमार जैन, ठाकुर राम देवांगन, धारी सिंह, कार्तिक राम बरेठ, भरत सिंह चंदेल, रामाधीन यादव, पुनीत राम, ओमप्रकाश साहु, धनाराम साहु, लव कुमार सिंह चंदेल, रमेश सोनी, रामभरोस कैवर्त, प्रेम सारथी, सुशील जैन, परसराम गोंडा, बजरंग लाल जायसवाल, भूरेलाल यादव, गजानंद केंवट, छेदीलाल शर्मा, विरधीचंद, हितेश ,महेश बनाफर, गजेंद्र नाथ सोनी, दरस यादव सहित बड़ी संख्या में मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

## अभिज्ञान का बी.टेक पाठ्यक्रम के लिए हुआ चयन, मिला स्कॉलरशिप




**सक्ती ।** अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर अभिज्ञान सिन्हा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अभिज्ञान का चयन शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी, रायपुर में बी.टेक (आईटी डिपार्टमेंट) पाठ्यक्रम के लिए हुआ है, जहां उन्हें चार वर्षों की स्कॉलरशिप प्रदान की गई है। इंस्टिट्यूट के प्राध्यापकों ने बताया कि अभिज्ञान शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रहे हैं और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का सपना देखते रहे हैं। कठिन प्रतिस्पर्धा और कड़े चयन मानकों के बीच उनका स्कॉलरशिप के लिए चयन होना उनकी निरंतर मेहनत और अनुशासन को दर्शाता है। इस उपलब्धि से न केवल परिवार का मान बढ़ा है, बल्कि क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी यह एक प्रेरणा बन गई है। शिक्षकों का कहना है कि यदि इसी तरह लगन और समर्पण बना रहा तो अभिज्ञान आने वाले समय में तकनीकी क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

खबर संक्षेप

## कबड्डी प्रतियोगिता का पूर्व विधायक ने किया शुभारंभ



**बाराद्वार।** ग्राम पंचायत नगरदा में तीन दिवसीय जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता मड़ई मेला एवं डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ 27 जनवरी को सक्ती विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ खिलावन साहू ने मुख्य अतिथि के के रूप में शामिल होकर श्रीफल तोड़कर एवं फीता काटकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ साहू ने कहा कि खेल से शरीर स्वस्थ रहता है, स्वस्थ शरीर में स्वस्थ आत्मा का वास होता है, स्वस्थ आत्मा में परमात्मा का वास होता है। इस मौके पर पूर्व सरपंच जागेश्वर सिंह सिदार, सरपंच बॉम्बे लाल यादव, उप सरपंच श्रीमती लता विजेंद्र कंवर, पूर्व उप सरपंच द्वय सुफल राम बरेठ, करम सिंह कंवर, मनहरण बरेठ , राम कुमार कंवर,दीपक कंवर, देवेंद्र जयसवाल,राजेश साहू,रामगोपाल साहू, रमेश राठौर, युवराज साहू शंकर बरेठ, कृष्णा साहू, मंजीत कंवर, सोमनाथ राठौर, हरीश साहू , लाला केवट ,धरम कंवर , अंजोर कंवर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। उद्घाटन मैच सड़क पारा नगरदा और विद्यालय चौक नगरदा के मध्य खेला गया। जिसमे सड़क पारा की टीम ने विजय हासिल किया।

## लीनेस क्लब सक्ती ने मनाया राष्ट्रीय बालिका दिवस



**सक्ती।** ऑल इंडिया लीनेस क्लब्स सक्ती की चार्टर अध्यक्ष लीनेस शहनाज बानो के नेतृत्व में सचिव लीनेस निकहत करीम मलिक ने कसेर पारा स्कूल की प्राचार्य श्रीमती पीली गबेल की उपस्थिति में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर निबंध, स्लोगन, और पेन्टिंग प्रतियोगिता कराया। प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र को उपहार प्रोजेक्ट कोर्डिनेटर लीनेस डाक्टर शालू पाहवा द्वारा दिया गया। सभी प्रतिभागियों को पेन एवं चाकलेट का वितरण किया गया। इस अवसर पर डिसर्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर डॉक्टर शालू पाहवा ने राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बालिकाओं को समाज में अपने आधिकार, समानता,एवं सशक्तिकरण बनाने, लिंग भेद मिटाने के उद्देश्य से शुरू किया गया ताकि सभी बालिकाये जागरूक हो और अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए देश के प्रगति में अपना योगदान दे। कहानी के माध्यम से भी सभी बालिकाओ को शिक्षा का महत्व बताया। इस अवसर पर लक्ष्मी पांडे, लता नायक, राम कुवर साहु, मंजु जायसवाल, माइक्रो चेयरपर्सन (कोषाध्यक्ष) लीनेस प्रिया दुबे,, विजया जायसवाल, निधि सिंह, मीरा देवांगन, कुशल दर्शन, माइक्रो चेयरपर्सन विनीता जायसवाल, चेयरपर्सन प्रभा जायसवाल एवं छात्र छात्राएं उपास्थित रहे।

## अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 फरवरी से

**पामगढ़।** श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रांगण पड़रिया धरदेई में अखंड नवधा रामायण का आयोजन 6 फरवरी से 15 फरवरी तक होगा। 6 फरवरी को श्री शनि देव जी की मूर्ति स्थापना मुख्य अतिथि गोपाल दास महाराज देवरघटा होंगे। विशिष्ट अतिथि महंत रामसुंदर दास महाराज शिवरीनारायण उपस्थित रहेंगे। अखंड नवधा रामायण का शुभारंभ शाम 4 बजे से होगा। समापन 15 फरवरी को हवन सहस्त्रधारा एवं भंडारा के साथ समाप्त होगा। अखंड नवधा रामायण के आचार्य रामकुमार दुबे धरदेई वाले होंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष सीताराम यादव, उपाध्यक्ष सनत साहू, कनिष्क उपाध्यक्ष रामखिलावन वर्मा, सचिव कमल किशोर, कोषाध्यक्ष करमहा पटेल एवं सदस्य गण बहादुर यादव,तेरस राम यादव बोधी राम यादव, श्रीमती कल्याणी यादव, श्रीमती विमल यादव, शिवकुमार यादव, रामखिलावन यादव,श्रीमती मनीषा साहू,राजकुमार पटेल, मनोज तिवारी,थानुराम सोनी, राम सिंह चौहान, लक्ष्मी चौहान एवं महाजन कुर्रे ने सभी मानस प्रेमियों से उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### निधन

### राजेंद्र शर्मा



**बाराद्वार।** नगर के वार्ड क्रमांक-1 के प्रतिष्ठित नागरिक राजेंद्र शर्मा का शुक्रवार 30 जनवरी को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार सरकंडा मुक्तिधाम मे 31 जनवरी को प्रातः 9 बजे किया जाएगा। वे आशीष शर्मा, अंकुश शर्मा एवं अंशु शर्मा के पिता थे।

### श्रीमती बेदबाई कश्यप



**लोहर्सी।** ग्राम पंचायत लोहर्सी (खरौद) की प्रतिष्ठित महिला श्रीमती बेदबाई कश्यप का गुरुवार 29 जनवरी को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनकी अंतिम यात्रा में परिजन एवं सजातीय बंधु बड़ी संख्यामें शामिल हुए। वे शिवंदन कश्यप की बहन एवं श्रीमती कुंज कश्यप एवं श्रीमती सुनीता कश्यप की भाई बहु थी।

व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का लिया संकल्प

# राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को पुण्य तिथि पर जगह-जगह किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर शुक्रवार 30 जनवरी को नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामविलास राठौर के संयोजकत्व में स्थानीय बाजार अवस्थित गांधी प्रतिमा स्थल पर नगर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व को स्मरण करते हुए उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया।

बापू के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेसजनों ने कहा कि आज जब समाज और देश जाति, धर्म, नफरत,हिंसा,स्वार्थ जैसी विघटनकारी चुनौतियों से जूझ रहा है,गांधीजी के विचार और भी प्रासंगिक हो गए हैं। वर्तमान में गांधी जी को मूर्ति या तस्वीर तक सीमित न रखकर व्यवहार, विचार और आचरण में उतारने की आवश्यकता है। गांधी को याद करना नहीं, गांधी को जीना ही आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। इस अवसर पर सभी नागरिकों से आव्हान किया गया कि वे गांधी जी के आदर्शों को अपनाते हुए सत्य,अहिंसा और सेवा के मार्ग पर अग्रसर हों यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कार्यक्रम को जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, इंका नेता दिनेश शर्मा, देवेश सिंह, डॉ परस शर्मा, विवेक सिंह सिसोदिया, रमेश पैगवार, शिशिर द्विवेदी,पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष भगवानदास गढ़वाल, अजीत सिंह राणा, हरप्रसाद साहू, श्रीमती हेमलता राठौर, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सीमा राजू शर्मा, मुस्कान परवीन, मनोरमा पाटेकर, जिला कांग्रेस सेवादल संयोजक देवकुमार पाण्डेय आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन रफीक सिद्दीकी ने व आभार प्रदर्शन नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामविलास राठौर ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राघवेन्द्र सिंह सिसोदिया, शेषनाथ टंडन, परमेश्वर निर्मले, संतोष गढ़वाल बोवई, राजू शर्मा, छतराम साहू, दीपक अग्रवाल,बसंत अग्रवाल, पार्षद विष्णु यादव,देवराज सिंह चंदेल, धीरज सिंह बैंस,श्रीमती जगदीश्वरी सूर्यवंशी, सत्यभामा टंडन, रजनी सूर्यवंशी, नर्मदा सूर्यवंशी, चंपा प्रधान, शशिकांता हंसेलिया, संस्कार राठौर, आकाश तिवारी, धनाऊ किरण, अतीक कुरैशी, महेश खरे, चंद्रिका लेदर, कृष्णा प्रजापति, दद्दू महाराज, भरत गढ़वाल सहित बापू क्लब के सदस्यगण व अन्य कांग्रेसजन उपस्थित थे।



पुण्य तिथि पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करते कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाया महात्मा गांधी का शहादत दिवस

**चांपा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी चाम्पा ने शुक्रवार 30 जनवरी को बापू का शहादत दिवस मनाते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। सर्वप्रथम बापू बालोद्यान में बापू की मूर्ति पर जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल ने माल्यार्पण करके राष्ट्रपिता महात्मा गांधी अमर रहे के नारों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात ब्लाक कार्यालय में उपस्थित कांग्रेसजनों ने पुष्पांजलि अर्पित की। जिलाध्यक्ष राजेश अग्रवाल, ब्लाक अध्यक्ष सुनील साधवानी, मंडल अध्यक्ष अनिल मोदी, राज सरोज, नागेंद्र गुप्ता,वरिष्ठ कांग्रेसी किशन सोनी, समद बेग, हरदयाल तंवर, भालचंद्र तिवारी, पार्षद अंजली देवांगन, गुलशन सोनी, रामबाई स्वर्णकार,ने भी बापू के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए अपनी बातें विस्तार से रखी। कार्यक्रम का संचालन चाम्पा ब्लाक अध्यक्ष, सुनील साधवानी व आभार जिला प्रवक्ता नागेंद्र गुप्ता, ने किया। कार्यक्रम में किशन सोनी, उमेश तिवारी, बुटू देवांगन, पार्षद अनिल रात्रे, पवन साहू, अंजली देवांगन, जिब्बू आर्य, तमिन्द्र देवांगन, दुर्गा कुर्रे, पुरषोत्तम देवांगन, ललित देवांगन, मोहम्मद अली, गुलशन सोनी, समद बेग, हरदयाल तंवर, भालचन्द्र तिवारी, डुग्गु प्रधान, राजू शर्मा, रंजन कैवर्त, हेमन्त सोनी, रामबाई स्वर्णकार, सुनीता कुर्रे, राकेश जोशी, सुमित दास, राकेश जोशी, रमेश बरेठ, हासिम खान आदित्य यादव, राम साधवानी, इतवारी यादव, संजय साधवानी, सुमित चौहान, छबिलाल पटेल, बसंत भार्गव, मुकेश साधवानी, टेकु देवांगन,लक्ष्मण धींवर,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।





## तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से दो दोस्तों की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम नवागांव( खिसोरा) में तेज रफ्तार ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने दोनों का शव पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की शाम अविनाश यादव पिता बुधराम 22 वर्ष एवं अविनाश यादव पिता संतोष 21 वर्ष निवासी खिसोरा दोनो दोस्त एक बाइक में सवार हो किसी काम से नवागांव खिसोरा जा रहे थे। वे अभी खिसोरा के बद्री दुकान के पास पहुंचे ही थे कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना दोनों बाइक चालकों के सिर पर गंभीर रूप से चोट आई और सड़क पर खून बहने लगा। दोनो की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैक्टर मालिक को मौके पर बुलाने की मांग करने लगे। बलौदा पुलिस को घटना की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची और लोगों को समझाइश दी। इस दौरान करीब एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने आरोपी ट्रैक्टर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर आरोपी वाहन व चालक को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस मर्ग कायम करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

**खास बात**

- बलौदा थाना क्षेत्र के खिसोरा की घटना

## कोसला में पुलिस अधीक्षक करेंगे महिला कमांडो का सम्मान



**पामगढ़-कोसला।** माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला धाम में रविवार 1 फरवरी को दोपहर 2 बजे 'महिला कमांडो' का सम्मान कार्यक्रम रखा गया है। गांव में शराबबंदी के उद्देश्य से विगत तीन माह पूर्व महिला कमांडो का गठन किया गया है। 51 सदस्यीय महिला कमांडो की टीम हर शाम गांव के गली मौहल्ले में जाकर निगरानी करती हैं। इनके सम्मान में जांजगीर-चांपा जिले के पुलिस अधीक्षक विजय पाण्डेय को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। साथ ही पामगढ़ थाने पुलिस स्टाफ को भी आमंत्रित किया गया है। एसपी विजय पाण्डेय शराब बंदी अभियान को लेकर गंभीर हैं। पुलिस अधीक्षक जिले में शराबबंदी अभियान को लेकर काफी चर्चित हैं। उनके द्वारा अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले विक्रेताओं को शराब बिक्री बंद करवा कर व्यवसाई प्रशिक्षण दिलवाया जा रहा है, जिससे कि वे सभी समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर समाज में शांति और सुरक्षा, खुशहाली में अपनी सहभागिता निभा सकें।

## वर्तमान युग सूचना का नहीं बल्कि कौशल का : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

- संस्कार पब्लिक स्कूल में शिक्षा के वैश्विक मानकों पर मंथन, दिया नवाचार का मंत्र

स्थानीय संस्कार पब्लिक स्कूल में शुक्रवार 30 जनवरी को शैक्षणिक गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से एक गरिमामय 'शिक्षक प्रशिक्षण एवं शैक्षणिक विमर्श' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रीय स्तर के सुविख्यात शिक्षाविद्, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन एवं काउंसलर बी. सिंह का आगमन हुआ। उनके प्रवास से विद्यालय में ज्ञान, अनुभव और नवाचार की त्रिवेणी प्रवाहित हुई।

आधुनिक कौशल एवं एनईपी 2020 पर गहन चर्चा हुआ। पुस्तकालय कक्ष में आयोजित इस विशेष सत्र में बी. सिंह ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान युग सूचना का नहीं बल्कि कौशल का है। उन्होंने अपने सत्र में निम्नलिखित मुख्य बिंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। राष्ट्रीय शिक्षा नीति ( एनईपी) 2020- शिक्षा नीति के नीतिगत प्रावधानों और कक्षा में इसके व्यावहारिक क्रियान्वयन के तरीके। ब्लूम टैक्सनॉमी- विद्यार्थियों के संज्ञानात्मक विकास और सीखने की प्रक्रिया को वैज्ञानिक दृष्टिकोण देने की कला। सीबीएसई नवाचार- बोर्ड परीक्षाओं और मूल्यांकन पद्धतियों में हो रहे निरंतर बदलावों के अनुरूप स्वयं को ढालना। विद्यालय की अकादमिक निर्देशिका श्रीमती प्रतिमा स्वर्णकार ने इस भ्रमण को विद्यालय के लिए मील का पत्थर बताया। प्राचार्य वी. के. मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में अतिथियों का आत्मीय व पारंपरिक स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान बोर्ड कक्षाओं (10वीं एवं 12वीं) के विद्यार्थियों को भी महत्वपूर्ण शैक्षणिक टिप्स दिए गए, जो आगामी परीक्षाओं में उनके लिए संजीवनी सिद्ध होंगे। पूरे कार्यक्रम का प्रभावी मंच संचालन प्रधानाचार्या सुश्री रूपल उपाध्याय ने किया, जिन्होंने सत्र की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम के अंत में शिक्षिका श्रीमती सायरा खान ने मुख्य वक्ता एवं प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। समापन अवसर पर आयोजित सामूहिक छायाचित्र (फोटो सेशन में संपूर्ण संस्कार परिवार के चेहरे पर इस बौद्धिक सत्र की संतुष्टि स्पष्ट दिखाई दे रही थी।



कार्यक्रम में अतिथि के साथ उपस्थित स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं।

## खेलो इंडिया मशाल रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

**सक्ती।** भारत सरकार द्वारा खेलों को प्रोत्साहन देने एवं फिट इंडिया अभियान के तहत छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खेलों के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से निकाली गई खेलो इंडिया मशाल रथ के सक्ती पहुंचने पर कलेक्टोरेट परिसर के सामने मशाल रथ को अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा एवं अपर कलेक्टर बालेश्वर राम द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी सक्ती श्रीमती कुमुदनी बाघ द्विवेदी, जिला खेल अधिकारी हरि पटेल सहित कलेक्टोरेट के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षकगण उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि यह मशाल रथ सक्ती नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए खेलो इंडिया लघु केंद्र रगजा पहुंचेगी, जहां खेलों के प्रति युवाओं और विद्यार्थियों में जागरूकता एवं उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जिले में खेल संस्कृति को मजबूत करना तथा अधिक से अधिक युवाओं को खेलों से जोड़ना है।



## विद्यालय परिसर को बच्चों के अनुकूल सजाया जा रहा है चित्रकारी से

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

व्यापारी सेवा समिति द्वारा समाज के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए शिक्षा और विकास के क्षेत्र में एक दूरदर्शी और संवेदनशील पहल की जा रही है। समिति द्वारा मुखबधिर विद्यालय में अध्ययनरत अंधे एवं श्रवण-बधित नन्हे बच्चों के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यालय को प्ले-स्कूल अनुकूल मॉडल के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बच्चों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर, उन्हें खेल, रचनात्मक गतिविधियाँ, मानसिक विकास और आत्मविश्वास के माध्यम से समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है।इस परियोजना के अंतर्गत व्यापारी सेवा समिति द्वारा बच्चों की हर छोटी-बड़ी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए सर्वांगीण सुविधाओं का समावेश किया गया है। समिति की सोच यह है कि बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ें, ताकि भविष्य में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन कर सकें।समिति द्वारा पूरे विद्यालय परिसर को बच्चों के अनुकूल चित्रकारी से सजाया जा रहा है, जिसमें लिपिक शब्दों का भी प्रयोग किया गया है, ताकि बच्चे इसे देखकर मन से प्रसन्न हों और पढ़ाई व खेलकूद के लिए सकारात्मक और आनंददायक वातावरण प्राप्त हो। इसी दृष्टिकोण के अनुरूप खेल आधारित शिक्षा के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया गया है, और बच्चों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है, ताकि उन्हें सम्मानजनक और सुरक्षित वातावरण मिल सके। व्यापारी सेवा समिति पिछले तीन वर्षों से इस विद्यालय से निरंतर जुड़ी हुई है। इस दौरान बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बर्तन, मच्छरदानी, पंखे, दरी, पूरे परिसर की पुताई, मिठाई व चॉकलेट वितरण, जन्मदिन और विशेष अवसरों पर भंडारे जैसे अनेक सेवा कार्य नियमित रूप से संपन्न कराए गए हैं।



## स्वामी आत्मानंद स्कूल में 36 छात्राओं को साइकिल वितरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय, शिवरीनारायण में शासन की महत्वाकांक्षी सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत 36 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राहुल थवाईत, अध्यक्ष नगर पंचायत शिवरीनारायण रहे।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बुद्धेश्वर केशरवानी (शाला प्रबंधन व विकास समिति अध्यक्ष), डॉ. धर्मेंद्र राम (पीआईसी मेंबर), गौरव केशरवानी, अजय साहू, भरतमणि वैष्णव एवं मुकेश कश्यप उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य बी. के. देवांगन के साथ व्याख्याता के. पी. साहू, आर. के. साहू, टी. आर. कुर्रे, जी. पी. साहू, एच. सी. देवांगन, सी. एस. देवांगन एवं यू. के. शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने छात्राओं को साइकिल प्रदान करते हुए कहा कि यह योजना बालिकाओं की शिक्षा में निरंतरता, आत्मनिर्भरता एवं नियमित विद्यालय उपस्थिति को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।



छात्राओं को साइकिल प्रदान करते अतिथि।

## शिविर में विभिन्न प्रकार के योग के आसन सीख रहे स्कूली बच्चे व ग्रामीण

**राहौद।** ग्राम पंचायत रसौटा में राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेऊ के तत्वाधान में पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर 27 से 31 जनवरी तक प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। योगासन के पूर्व भगवान धन्वंतरि की पूजा अर्चना डॉ. नीति पाटले, शास. पूर्व. मा. शाला के प्रधान पाठक, और शिक्षक द्वारा किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीति पाटले ने ग्रामवासियों से अपील की है, कि इस शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर अपने शरीर को स्वास्थ्य बनाए। योग प्रशिक्षक प्रमोद धीवर द्वारा सूर्य नमस्कार, सुक्ष्म व्यायाम ,कपाल भांति, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम, आसन, त्रिकोण आसन, मंडूकासन, शशांक आसन,गौमुख आसन,अर्धमत्स्येंद्र आसन, आदि का प्रशिक्षण दिया गया, एवं इसके होने वाले फायदे के बारे में विस्तार से बताया गया एवं अंकुरित चने, आयुर्वेद काढ़ा का वितरण किया गया और इसके लाभ के बारे में बताया गया। इस शिविर में छात्र छात्राओं एवं ग्रामवासी ने भाग लिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिर मेऊ के फार्मेसिस्ट तिजराम श्याम औष. सेवक दिलीप बंजारे, पीटीएस तरुण कुमार का अच्छा योगदान रहा एवं ग्रामवासी श्री अनिल धीवर, बंसीलाल यादव का भी सहयोग रहा।












